809

Samagra Shiksha, Kerala

ANNUAL EVALUATION 2018-2019

A

Third Language

VIII

HINDI

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'सफ़ेद गुड़' कहानी का यह अंश पढ़ें, 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> उसका चेहरा एकदम से काला पड़ गया। सिर घूम गया। जैसे शरीर का सारा खून निकल गया हो। आँखें छलछला आईं। "कहाँ गई अठन्नी?" पंसारी ने भी हैरत से कहा।

1. '**सारा खून**' में '**सारा**' शब्द क्या है? 1

(क) क्रिया (ख) विशेषण

(ग) विशेष्य (घ) संज्ञा

2. लड़के का चेहरा काला पड़ गया। क्यों? 2

3. लड़का नमक खरीदने दुकान गया। रास्ते में उसे अठन्नी मिली। अठन्नी से उसने गुड़ खरीदना चाहा। लेकिन वह गुड़ खरीद नहीं सका। इस प्रसंग पर दुकानदार और लड़के के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। (चार विनिमय) 4

अथवा

लड़के की गुड़ खाने की इच्छा सफल नहीं हुई। उसके विचारों को **डायरी** के रूप में लिखें। (डायरी 80 शब्दों की हो)

सूचना : 'खूबसूरत अनुभूति है एवरेस्ट' साक्षात्कार का यह अंश पढ़ें, 4 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मैं बचपन से ही बहुत जिज्ञासू थी और यही जिज्ञासा मेरी प्रेरणा बनी। बर्फ से ढके पहाड़ों पर चढ़ने की जिज्ञासा बहुत पहले से ही थी।

4. '**जानने की इच्छा**' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द है- 1

(क) बचपन (ख) जिज्ञासा

(ग) बर्फ (घ) प्रेरणा

5. ज़िंदगी में जिज्ञासा का महत्व क्या है? 2

6. आशय विस्तार करके वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2



7. संतोष यादव माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुँच गईं। इसपर समाचार पत्र में रपट आई। संकेतों की सहायता से संभावित **रपट** लिखें। (रपट 80 शब्दों की हो) 4

- भारत की महिला पर्वतारोही।
- 8,848 मीटर की ऊँचाई।
- वॉकी-टॉकी फ़ोन के ज़रिए एवरेस्ट पर पहुँचने की सूचना।
- बिना डर के एवरेस्ट की चोटी पर।

सूचना : व्यंग्य लेख 'जल बैंक' का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।

> आजकल जिनके पास पानी है, वे पानीदार हो रहे हैं। यह तो आम जनता है जो पानी-पानी हो रही है, बिना पानी के।

8. '**पानी-पानी होना**' का मतलब क्या है? 1

(क) शुरू होना

(ख) तकलीफ़ होना

(ग) लज्जित होना

(घ) अमीर होना

9. मार्च 22 विश्व जल दिवस है। इस अवसर पर '**जल जीवन का आधार है**' का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। 4

सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

> साढ़े पाँच घंटे तक मैं उनके पीछे-पीछे धीमी गति से कार चलाता रहा और मेरे झूठ पर पिताजी को प्रायश्चित करते हुए देखता रहा। उस दिन मैंने जीवन का एक अहम निर्णय लिया-- मैं कभी भी झूठ नहीं बोलूँगा।

10. अपने पिता के प्रायश्चित का क्या प्रभाव अरुण गांधी पर पड़ गया? 1

(क) वह कभी सिनेमा देखने नहीं गया।

(ख) वह कभी देर से नहीं आया।

(ग) उसने कभी झूठ न बोलने का निर्णय ले लिया।

(घ) वह पिताजी से बहुत डर गया।

11. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर अरुण गांधी की उस दिन की संभावित **डायरी** लिखें। 4

सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

> यहीं जंगल के बीच ये सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है। और इसी काम का मुझे रोज़ इंतज़ार रहता है।

12. डॉ. रमणी अटकुरी किस प्रकार की डॉक्टर बनना चाहती हैं? 1

(क) पैसा कमानेवाली। (ख) अमीरों की सेवा करनेवाली।

(ग) शहर में क्लीनिक चलानेवाली। (घ) गरीबों की सेवा करनेवाली।

13. डॉ. रमणी अटकुरी की **चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी** लिखें। 3

सूचना : 'इस बारिश में' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

> अब जो घिरती हैं काली घटाएँ
> उसीके लिए घिरती हैं
> कूकती हैं कोयलें उसी के लिए
> उसीके लिए उठती है
> धरती के सीने से सौंधी सुगंध

14. कवितांश में 'बादल' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

15. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 1

किसान की ज़मीन अब जिसके पास है काले बादल भी उसीके लिए उमड़ते हैं।

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

> शिष्यो, ध्यान रहे। वह ज्ञान जिससे अपना या दूसरों का नुकसान हो ज्ञान नहीं बल्कि अज्ञान है। ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।

16. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) ज्ञान से कोई लाभ नहीं।

(ख) ज्ञान बाहरी दिखावा है।

(ग) ज्ञान से किसी का नुकसान नहीं होना चाहिए।

(घ) ज्ञान से मूर्ख बन जाता है।

17. 'ज्ञान तो सबकी भलाई के लिए ही होता है।' गुरु के इस कथन पर आपका विचार क्या है? **टिप्पणी** लिखें। 3

18. उचित वाक्य चुनकर चित्र-कहानी की पूर्ति करें। 4

(क) ....





(ग) ....



(घ) ....

- हमें भी एक रोटी दो।
- लक्ष्मी रोटी बना रही थी।
- मेंढक कूदकर बच गया और चूहा रोटी ले भागा।
- लक्ष्मी ने गुस्से से चिमटा उठा लिया।